भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

10.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2857 का उत्तर

चारधाम के लिए रेल संपर्क

2857. श्री अजय भट्ट:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) चारधाम को ऋषिकेश, उत्तराखंड से जोड़ने के लिए बिछाई जाने वाली रेल लाइन हेतु आज की तिथि तक कितना बजट मंजूर किया गया है;

(ख) क्या तब से रेल लाइन का कार्य शुरू हुआ है और अब तक बिछाई गई रेल लाइन की लंबाई का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या उक्त परियोजना के समय से पूर्ण होने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): चार धाम को जोड़ने के लिए अंतिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण स्वीकृत किया गया है जो प्रगति पर है। अंतिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण के पूरा हाने के बाद ही अगली उचित कार्रवाई शुरू की जाएगी।

*****

mm